Helpline 1064 94135-02834

# कार्यालय महानिदेशक भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो

(जनसम्पर्क प्रकोष्ठ)

## प्रेस नोट

### वर्ष 2022 की तय प्राथमिकताओं के अनुसार लक्ष्य तय करें।
### –महानिदेशक, भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो

जयपुर, 10 सितम्बर। **महानिदेशक, भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो** की अध्यक्षता में आयोजित **एसीबी की समीक्षा बैठक** में सभी यूनिट्स के काम की तारीफ करते हुए उन्होंने कहा कि वर्ष 2022 की शुरुआत में तय प्राथमिकताओं का टीम प्रतिदिन अवलोकन करें और अपना लक्ष्य तय करें।

**महानिदेशक, एसीबी श्री भगवान लाल सोनी** शनिवार को झालाना स्थित एसीबी मुख्यालय से वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से आयोजित समीक्षा बैठक में सभी जिलों के ब्यूरो की चौकियों के अधिकारियों को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि एसीबी की सभी टीम ने पिछले कुछ समय से लगातार शानदार प्रदर्शन किया हैं अब जरूरत हैं की हम आने वाले दिनों में भी और अच्छा प्रदर्शन करते हुए कीर्तिमान रचें। उन्होंने बैठक में निर्देश दिए कि सभी टीम गुणवत्तापूर्ण केस लक्षित करें, पेंडिंग केसेज का तत्काल प्रभावी निस्तारण करें, आमजन को भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो द्वारा चलाए जा रहे विभिन्न अभियान जैसे एसीबी आपके द्वार, सजग ग्राम, जन जागरूकता, रिवॉल्विंग फंड आदि के बारे में जागरूक करें।

**महानिदेशक श्री सोनी** ने सभी यूनिट्स के अधिकारियों को सजग ग्राम योजना के बारे में ज्यादा रुचि लेकर ग्राम वासियों की जायज समस्या का सकारात्मक हल निकालने के निर्देश दिए, जिससे जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ उचित लाभार्थियों को समय पर मिल सकें।

उन्होंने कहा कि आम जन द्वारा कॉल्स पर दी गई सूचनाओं/शिकायतों को प्राथमिकता से लेकर हर भ्रष्ट लोक सेवक के खिलाफ प्रभावी कारवाई करें। साथ ही महानिदेशक, एसीबी ने भ्रष्टतम लोकसेवक की पहचान कर उस पर प्रभावी कार्रवाई करने के भी निर्देश प्रदान कियें।

**अतिरिक्त महानिदेशक श्री दिनेश एमएम** ने बैठक में सभी को निर्देश दिए की जब कोई परिवादी आपके पास पहुचे तो उसकी समस्या को समझकर बिना समय गवाएं तुरंत टीम एक्शन में आए। उन्होंने कहा कि वर्ष के पहले 6 महीनो में एसीबी राजस्थान टीम ने बेहतरीन प्रदर्शन किया हैं अब हमें अपने ही प्रदर्शन से और बेहतर करके दिखाना हैं।

इस अवसर पर सभी यूनिट्स को उप महानिरीक्षक प्रथम श्री सवाई सिंह गोदारा, उप महानिरीक्षक द्वितीय श्री विष्णु कांत, उप महानिरीक्षक तृतीय श्री कालू राम रावत, पुलिस अधीक्षक श्री योगेश दाधीच और अन्य अधिकारियों ने आवश्यक निर्देश प्रदान किए।

बैठक में वीसी के माध्यम से सभी उपस्थित यूनिट्स अधिकारियों द्वारा अपने यूनिट के कार्यों की वस्तुस्थिति की रिपोर्ट पेश की गई।

**एसीबी महानिदेशक, श्री भगवान लाल सोनी** ने समस्त प्रदेशवासियों से अपील की है कि भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की ***टोल–फ्री हैल्पलाईन नं.*** **1064** *एवं* ***Whatsapp हैल्पलाईन नं.*** **94135–02834** पर 24X7 सम्पर्क कर भ्रष्टाचार के विरूद्ध अभियान में अपना महत्वपूर्ण योगदान दें। **एसीबी आपके वैध कार्य को करवाने में पूरी मदद करेगी।** विदित रहे कि एसीबी राजस्थान राज्य में राज्य कर्मियों के साथ–साथ केन्द्र सरकार के कार्मिकों के विरूद्ध भी कार्यवाही करने को अधिकृत है।